सेवा पखवाड़ा | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नारायणगंज में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

# संस्कार, शिक्षा और स्वास्थ्य मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण





**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मंडला जिले में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। आयोजित शिविर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम का भव्य आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज में आयोजित किया गया।


स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा, भाजपा मंडल ब्लाक अध्यक्ष किसन तेकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. विजय सर्वटे, समाजसेवी दीपक पदम, सीबीएमओ डॉ अमृत लाल कोल, ब्लाक परियोजना अधिकारी संजीव मोहरे समेत ग्रामीण और सीएचसी स्टाफ मौजूद रहा। इस दौरान सीबीएमओ डॉ. अमृत लाल कोल ने उपस्थितजनों को बताया कि अब 100 प्रतिशत संस्थागत प्रसव हो रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का अमला, महिला बाल विकास, आंगनवाडी कार्यकर्ता समेत अन्य विभाग भी इसके लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। प्रसव के दौरान वाहन की सुविधा लाने और ले जाने के लिए दी जा रही है। इसके साथ ही प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। स्वास्थ्य शिविर के शुभारंभ अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह ठाकुर ने उपस्थित जन और स्टाफ से कहा कि अब महिलाओं में बदलाव आ गया है, वे भी किसी से कम नहीं है, पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। उन्होंने कहा कि नारी के साथ यदि भेद हुआ है तो वह नारी ही भेद करती है, नारी ही अपने बेटे और बेटी में भेद करती है। यदि बेटा घर से बाहर घंटों रहे तो उसे कुछ नहीं कहा जाता है, वहीं बेटी यदि कुछ देर के लिए ही बाहर जाए तो सबसे पहले मां ही सवाल करती है, जो हमारा सामाजिक परिवेश है, लेकिन अब बदलाव आ गया है, पहले महिलाओं को सुरक्षित रख पाना मुश्किल होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है, समय बदल गया है।

### जन आंदोलन के रूप में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन

ब्लाक परियोजना अधिकारी संजीव मोहरे ने बताया कि 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक आठवां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन जन आंदोलन के रूप में किया जाना है। इसी तारतम्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारम्भ भी किया गया। इसमें पोषण माह के दौरान समन्वित प्रयास माता, किशोरी एवं बच्चों के पोषण पर प्रभावी रूप से कार्य करने का प्रयास किया जायेगा। इसमें प्रतिदिन थीम अनुसार 207 आंगनवाड़ी केन्द्रों में गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इसमें न सिर्फ जन प्रतिनिधियों बल्कि स्थानीय जनसमुदायों और पुरुषों की भागीदारी रहेगी। शुभारंभ अवसर पर जगह-जगह गतिविधियां आयोजित की गई इसमें नारे लेखन, दीवार लेखन, रैली, पोषण प्रदर्शनी, स्वास्थ्य जांच, पोषण शपथ और प्रधानमंत्री के उदबोधन को लोगों द्वारा सुना गया। गर्भवती, धात्री महिलाओं को प्रभावी स्तनपान एवं 6 माह के बाद ऊपरी आहार के विषय में जागरुक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर रैली निकाली गई और लोगों को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार का संदेश दिया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया।

### एक स्वस्थ्य मां एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म देगी

उन्होंने मातृ शक्तियों से निवेदन किया है कि बेटे और बेटी में भेद ना करें, दोनों एक सामान है। उन्होंने आगे कहा कि एक स्वस्थ मां एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देगी, जो संस्कार देगी वह जीवन भर काम आता है। संस्कार, शिक्षा और स्वास्थ्य ये मनुष्य के लिए अनिवार्य और महत्वपूर्ण है। यदि एक स्वस्थ मां अपने स्वास्थ्य की चिंता करेगी और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म देगी, अच्छे संस्कार देगी तो मान के चलिये की वह इस देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनेगा। रतन सिंह ठाकुर ने कहां कि मै ऋणी मानता हूं इस देश के सिपाहियों का और स्वास्थ्य विभाग का क्योंकि जवान देश की रक्षा कर रहे है, और देश के अंदर नागरिकों की कोई रक्षा कर रहा है वह है स्वास्थ्य कर्मचारी है, जो दिन रात लोगों के स्वास्थ्य की देखभाल में लगे रहे है।



### शिविर में हुई महिलाओं की सभी जांचें

बताया गया कि शिविर के दौरान महिलाओं की सभी जांचे की गई और परिणाम तुरंत महिलाओं को दिए गए। शिविर में हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, टीबी, एनीमिया और सिकल सेल की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही एएनसी चेकअप, ब्लड शुगर की जांच और टीकाकरण किया गया। शिविर में आने वाले लोगों को नि:शुल्क पोषण संबंधी सलाह भी दी जाएगी। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड और वयवंदना कार्ड भी बनाए गए।



## सेवा पखवाड़ा में किया फल वितरण और पौधरोपण



**घुघरी 17 सितंबर नभाप्र.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत घुघरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा पखवाड़ा अंतग्रत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के विचारों और संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए उनके संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसी क्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने फल वितरण किया और पौधारोपण कर पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. शिवराज शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी, जिला मंत्री कौशल्या मरावी, पूर्व जिला महामंत्री नीरज मरकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष घुघरी सुरेंद्र धुर्वे और सलवाह मंडल अध्यक्ष राजकुमार चौकसे मौजूद रहे। उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल घुघरी और सलवाह के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

## सेवा पखवाड़ा में एनएसएस इकाई ने किया पौधरोपण, निकाली जनजागरूकता रैली



**नैनपुर 17 सितंबर नभाप्र.** शासकीय स्नातक महाविद्यालय नैनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गोद ग्राम गौरा छापर में जागरूकता रैली और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. जीसी मेश्राम के निर्देशन और डॉ. जेएस उर्वेती के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। एनएसएस स्वयंसेवकों ने गांव में एक रैली निकाली, जिसके माध्यम से एड्स जागरूकता, नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। छात्रों ने पूरे गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को इन मुद्दों के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत गौरा छापर के परिसर में 22 पौधे लगाए गए। इस पहल में ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस जनजागरूकता और पर्यावरण संरक्षण अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## पहली बार सफलतापूर्वक हुई टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी, जिला अस्पताल ने रचा नया इतिहास





**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** जिला अस्पताल मंडला में चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है। मंगलवार को यहां पहली बार टोटल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। इस सर्जरी के बाद मरीज रमेश (बदला हुआ नाम) को 33 साल की उम्र में असहनीय दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई से राहत मिली है। बताया गया कि मरीज रमेश को दोनों कुल्हों में गंभीर दर्द था, और जांच में पाया गया कि उनके कुल्हों के जोड़ पूरी तरह से खराब हो चुके थे। इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में एवस्कुलर नेक्रोसिस ऑफ फीमोरल हेड कहते हैं। जिला चिकित्सालय के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमेंद्र चौहान और डॉ. अविनाश खरे ने तुरंत मरीज के दाहिने कुल्हे का टोटल हिप रिप्लेसमेंट किया, जो पूरी तरह सफल रहा। डॉ. हेमेंद्र चौहान ने बताया कि यह सर्जरी उन मरीजों के लिए एक नई उम्मीद है, जो हड्डियों की गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। अब रमेश सामान्य जीवन की ओर लौट सकेंगे।

### टीम ने मिलकर किया सफल ऑपरेशन

इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती और सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। ऑपरेशन थिएटर टीम में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमेंद्र चौहान और डॉ. अविनाश खरे के साथ डॉ. अंशुल शर्मा और डॉ. दिव्येश पटेल शामिल थे। एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. प्रवीण उइके और डॉ. सोनम चौरसिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नर्सिंग स्टाफ की टीम में ओटी इंचार्ज शहनाज खान, विनीता टांडिया, स्वाति श्रीवास, ब्रजेन्द्र बैरागी (नर्सिंग ऑफिसर) और अंकिता शामिल थीं। इसके साथ ही सपोर्ट स्टाफ में बलराम मरावी, पुष्पेंद्र यादव, मुकेश जंघेला, विमला बाई और गीता बाई ने भी अपना योगदान दिया। मरीज के परिवार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी सर्जरी मंडला में संभव होगी, और वे इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इस कामयाबी के लिए अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी है।

## पेसा कानून के तहत भीमा ग्राम पंचायत में शांति समिति ने सुलझाया विवाद

### गाली-गलौच और घरेलू उत्पीड़न के मामले में व्यक्ति ने मांगी माफी, शांति का माहौल बहाल



**भुआ बिछिया 17 सितंबर नभाप्र.** पेसा कानून 2022 के तहत गठित शांति और विवाद निवारण समिति भीमा ने एक मामले का सफलतापूर्वक निपटारा किया है। यह कार्रवाई गांव में शांति और सद्भाव बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। समिति को ग्राम डूमर टोला के मनसुख यादव द्वारा शिकायत मिली थी कि समारू यादव 47 वर्षीय, आए दिन उनके और सीता बाई के परिवार के साथ गाली-गलौच करते हैं। इसके साथ ही समारू अपने ही परिवार के सदस्यों, बहू, बेटे और पत्नी को भी प्रताड़ित करते थे, जिससे पूरे टोले में अशांति फैली हुई थी।

शिकायत के बाद शांति समिति ने एक चौपाल लगाकर बैठक बुलाई। बैठक में ग्राम पंचायत के पंच, सदस्य, बुजुर्ग और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे, जिनमें चमरा यादव, सुखचेन कुलस्ते, राकेश सैयाम, राजकुमारी यादव और पेसा मोबिलाइजर किशोर कुमार यादव समेत अन्य लोग शामिल थे। बताया गया कि समिति के सामने समारू यादव ने अपने किए पर पश्चाताप व्यक्त किया और सभी सदस्यों के सामने हाथ जोड़कर माफी मांगी। उन्होंने यह भी वचन दिया कि भविष्य में वह किसी भी तरह का विवाद नहीं करेंगे और न ही किसी के साथ दुर्व्यहार करेंगे। इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई और मामले का शांतिपूर्ण ढंग से निपटारा किया। इस पहल से गांव में दोबारा शांति का माहौल स्थापित हुआ है।

## छात्रों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर दिए विचार



**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** शासकीय नवीन कन्या शाला पड़ाव मंडला में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक संचालक आरके हरदहा और सेवानिवृत्त प्राचार्य अखिलेश चंद्रौल मौजूद रहे। आरके हरदहा ने छात्रों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में अखिलेश चंद्रौल ने ओजोन परत से जुड़ी गंभीर समस्याओं के बारे में बताया और विद्यालय को स्वच्छ रखने का महत्व समझाया।

पर्यावरणविद राजेश क्षत्रिय ने व्यक्तिगत स्वच्छता और विद्यालय की सफाई में छात्रों के योगदान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों से जुड़ा होता है, इसलिए इसे सुंदर और स्वच्छ बनाना सबका कर्तव्य है। प्राचार्य विभा सिंहारे ने छात्रों को प्रतिदिन एक पीरियड सेवा स्वच्छता पखवाड़े के तहत गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी, जिससे मध्य प्रदेश शासन की मंशा के अनुसार विद्यालय को स्वच्छ बनाया जा सके।

शिक्षक जमुना यादव ने भी स्वच्छता से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन भागवत सिंगोर ने किया। अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में औषधीय और फूलों के पौधे लगाए गए। छात्रों के बीच भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इस अवसर पर कक्षा 10वीं के शत-प्रतिशत परिणाम के लिए सभी शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में आभा मिश्रा, मुक्ति दुबे, पूर्णिमा तिवारी और मेघा दुबे सहित सभी शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## टिकरिया पुलिस ने 9 दुकानदारों पर की चालानी कार्रवाई, छात्र नशे से दूर रहे



**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** जिले में शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू आधारित नशों की बिक्री रोकने के लिए मंडला पुलिस ने विशेष अभियान चलाया है। इसका उद्देश्य छात्रों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता से बचाना है। अभियान के पहले दिन थाना टिकरिया की टीम ने शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में स्थित 9 दुकानों को चिन्हित कर उन पर कार्रवाई की। इन दुकानदारों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार, वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन अधिनियम के तहत चालान बनाए गए। टिकरिया थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्रवाई स्कूल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं नशे की लत से दूर रहें और उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रहे। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा जिससे जिले को तंबाकू मुक्त बनाने की दिशा में काम किया जा सके।

## मंडला के वन कर्मचारियों ने जीता दिल, जबलपुर में दिखाया हुनर

वृत स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में मंडला की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

खेल और स्वस्थ जीवन का दिया संदेश



**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** जबलपुर में आयोजित 28वीं वृत्त स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में मंडला जिले के वन कर्मचारियों ने अपना हुनर दिखाया। यह प्रतियोगिता 15 और 16 सितंबर को स्व. ईश्वरदास रोहाणी स्टेडियम रांझी में आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर, मंडला, डिंडोरी और कटनी जिले के वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। बताया गया कि आयोजित होने वाली प्रतियोगिता वन कर्मचारियों के बीच खेल भावना और स्वस्थ रहने की प्रेरणा को बढ़ावा देती है। वन विभाग हर साल अपने कर्मचारियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है, क्योंकि स्वस्थ जीवन के लिए खेल बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस वृत्त स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा, और वहां प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जा सकते हैं।

### रस्साकशी में दमदार प्रदर्शन

प्रतियोगिता की शुरुआत रस्साकशी से हुई। इस मुकाबले में पूर्व मंडला वन मंडल की टीम ने पश्चिम मंडला को हराकर जीत हासिल की। इसके बाद सामाजिक वानिकी के साथ हुए मैच में भी पूर्व मंडला विजेता रहा। फाइनल में पूर्व मंडला और जबलपुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें पूर्व मंडला की टीम उपविजेता रही। इसके साथ ही कर्मचारियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 1500 मीटर, 25 किलोमीटर पैदल चाल, ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक, कैरम, शतरंज और साइकिलिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया।

## 15 दिन में 1235 वाहनों से 5 .65 लाख का जुर्माना

### बार-बार नियमों के उल्लंघन पर लाइसेंस और वाहन का रजिस्ट्रेशन होगा रद्द




**मंडला 17 सितंबर नभाप्र.** मंडला पुलिस ने पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे 15-दिवसीय यातायात अभियान में नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। इस अभियान के तहत जिले के सभी थानों ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग पॉइंट लगाकर अब तक 1235 वाहनों पर 5 लाख 65 हजार रुपए का जुर्माना वसूला है। यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाया जा रहा है। जानकारी अनुसार यह अभियान पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्देशित 11 बिंदुओं पर केंद्रित है, जिनमें बिना लाइसेंस और बिना हेलमेट वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, तेज गति से ड्राइविंग और रॉन्ग साइड चलना जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की है। इस अभियान के दौरान मंडला पुलिस ने नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले 45 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त करने के लिए परिवहन विभाग को रिपोर्ट भेजी है। इसके साथ ही नाबालिगों को वाहन चलाने देने वाले अभिभावकों के लाइसेंस रद्द करने और वाहनों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने की भी सिफारिश की गई है। अभियान के तहत शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले 13 लोगों पर केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया, जिनमें से तीन मामलों में कोर्ट ने 31,500 रुपए का जुर्माना लगाया है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान यातायात सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी रहेगा।

आमसभा | देवरी कला में लघु वनोपज समिति की वार्षिक आमसभा, बस्तियों के विकास के लिए प्रस्ताव पारित

## तेंदूपत्ता के लाभांश से ग्रामीण बस्तियों में बनाई जाएगी सीसी सड़क




**बबलिया 17 सितंबर नभाप्र.** देवरी कला बबलिया में लघु वनोपज समिति क्रमांक 347 की वार्षिक आमसभा का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के सदस्यों, फड़ मुंशियों, अभिरक्षकों, पालक अधिकारियों और प्रबंधकों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य समिति के वित्तीय लेखा-जोखा की पुष्टि करना और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करना था। आमसभा में वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय लेखा स्थिति विवरण पत्रक का अनुमोदन किया गया और आगामी वर्ष के वार्षिक कार्यक्रम और बजट को भी मंजूरी दी गई। पिछले वर्षों के ऑडिट रिपोर्ट में सामने आई आपत्तियों का भी निराकरण किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विनोद भवेदी, लघु वनोपज समिति अध्यक्ष कमलेश कुलस्ते, पालक अधिकारी संतोष पटेल, प्रबंधक सरोज सरोते, और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

इस दौरान कुछ सदस्यों ने तेंदूपत्ता फड़ के भुगतान में हुई देरी और कुछ ठेकेदारों की मनमानी पर अपनी आपत्ति जाहिर की। इस समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई और भविष्य में ऐसी परेशानियों को दूर करने के लिए समाधान खोजने पर जोर दिया गया। बैठक में तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य बढ़ाने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई, जिससे मजदूरों को अधिक से अधिक मजदूरी मिल सके। समिति ने कहां कि मजदूरों के हित सर्वोपरि हैं और उनके श्रम का सही मूल्य मिलना चाहिए। पालक अधिकारी संतोष पटेल और प्रबंधक सरोज सरोते को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने हाल ही में नियुक्त हुए पालक अधिकारी संतोष पटेल के काम की सराहना की। इसके बाद सभी सदस्यों ने पालक अधिकारी और प्रबंधक को वार्षिक डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि तेंदूपत्ता से होने वाले लाभ के हिस्से से क्षेत्र की ग्रामीण बस्तियों के विकास के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। जिन स्थानों पर आवागमन के साधन नहीं हैं, वहां पर सीसी सड़क निर्माण को समिति ने मंजूरी दी। इस अवसर पर वनरक्षक आनंद दंडोतिया और अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।



## विधायक निधि से स्कूलों में लाइब्रेरी का उद्घाटन कर बच्चों को बांटी पुस्तकें

### बिछिया विधायक ने किया शिक्षा के लिए प्रयास



भुआ बिछिया 17 सितंबर नभाप्र. बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए स्कूलों में लाइब्रेरी का उद्घाटन किया और पुस्तकें वितरित कीं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्रदान करना है। विधायक नारायण सिंह पट्टा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नैझर घुघरी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीमडोंगरी मवई में विधायक निधि से पुस्तकें प्रदान कर उन्हें छात्रों को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों के बच्चे भी अच्छी पढ़ाई कर शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें।

उन्होंने बताया कि यह प्रयास जारी रहेगा और विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक शासकीय स्कूल में पुस्तकों का वितरण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण छात्र अपने अध्ययन के क्षेत्र में प्रगति कर सकें और शिक्षा का विस्तार हो सके। इस पहल से बच्चों में पढ़ने की रुचि बढ़ेगी और वे ज्ञान के नए स्त्रोतों तक पहुँच पाएंगे।